### एक नजर में

#### हायर सेकेंडरी परीक्षा में नकल के सात प्रकरण दर्ज

**भोपाल.** प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है. इसी कड़ी में सोमवार को इंटरमीडिएट की बायोलॉजी की परीक्षा संपन्न हुई. जो कि सुबह सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली. माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की इस परीक्षा में प्रदेश भर से कुल 7 नक़ल के प्रकरण दर्ज किये गए हैं. जिसमें भोपाल में कुल 1, मुरैना में 3, ग्वालियर में 1, देवास में 1 और इंदौर में 1 नकल करने वाले छात्रों को पकड़ा गया है. जिसको लेकर मंडल ने पकड़ें गये सभी प्रकरणों के संबंध में विद्यार्थियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है.

#### 2 नाबालिग लड़कों ने किया चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल.** टीला जमालपुरा इलाके में एक 10 वीं कक्षा के छात्र पर चाकू से जानलेवा हमले का मामला सामने आया है. सोमवार को घटना का वीडियो सामने आया. छात्र पर हमला करने वाले उसके साथ पढ़ाई करने वाले दोनों नाबालिगों को कानूनी कार्रवाई के बाद हिरासत में लेकर परामर्श के लिए एक को किशोर गृह में भेजा गया है. घायल छात्र का इलाज जारी है. इलाके में संचालित एक एक स्नूकर क्लब में दो 16 वर्षीय नाबालिगों ने बीते 15 फरवरी को छात्र पर हमला किया. यह हमला बदल लेने की भावना से किया गया. पीड़ित छात्र गौतम नगर का निवासी है और क्लब का नियमित सदस्य है.

# नहीं सुधर रही बोर्ड ऑफिस चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था

## कार्रवाई के बाद फिर अराजक हुए ऑटो और ई-रिक्शा चालक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 फरवरी. शहर के बीचोंबीच स्थित शहर के प्रमुख इलाके बोर्ड ऑफिस चौराहे से प्रगति चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है. जिम्मेदार ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी व्यवस्था में सुधार करते हुए नजर नहीं आते हैं.**



क्या पुलिस इन अराजक तत्वों के खिलाफ असहाय नजर आ रही है

देर शाम को पीक आवर्स में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी का सिलसिला यहां हर रोज देखने को मिल रहा है, जबकि दो दिन पहले यातायात पुलिस इंस्पेक्टर की अगुवाई में इस स्थान पर वाहनों की जब्ती और चालानी कार्रवाई भी की गई. इसके बावजूद भी स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है. हर रोज शाम के समय लोग जब अपने-अपने कार्यालयों से घर के लिए निकलते हैं तो उन्हें बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आवागमन में होने वाली परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बोर्ड ऑफिस से कोलार, 12 नंबर की तरफ जाने वाले यह सवारी वाहन चौराहे पर आधे से ज्यादा सड़क को कवर करते हुए सवारियां भरते हुए देर तक खड़े रहते हैं.

बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आटो और रिक्शा चालक जाम की स्थिति लगातार पैदा करते दिखते हैं. इससे जहां आवागमन करने वाले राहगीर परेशान हो रहे हैं वहीं दुर्घटनाओं के होने की भी आशंका बनी होती है. चौराहे पर वैध पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है और छोटे सवारी वाहन चालक अपनी मनमानी कर रहे हैं. इस समस्या की शिकायत यातायात पुलिस मुख्यालय में भी पहुंची है. इसके बावजूद भी स्थिति में सुधार नहीं दिखाई दे रही है.

बोर्ड ऑफिस चौराहे के टर्निंग प्वाइंट पर भी इन वाहनों की कतार दिखती है. इस समस्या पर यातायात पुलिस चौराहे पर हर रोज व्यवस्था में सुधार करने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है. नवभारत भी लगातार प्रमुखता से इस समस्या को उठाता आ रहा है. शनिवार को तीन क्रेनों के माध्यम से बड़े और छोटे वाहनों की जब्ती और चालानी भी कार्रवाई की गई, लेकिन दूसरे दिन से फिर वैसे ही हालात हैं.



## अग्निशमन कार्रवाई से टला नुकसान

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल इकाई के ट्रांसफॉर्मर विभाग (टीआरएम), ब्लॉक-3 में हुई संभावित गंभीर अग्नि घटना पर अग्निशमन दल की तत्पर और पेशेवर कार्रवाई से शीघ्र नियंत्रण पा लिया गया.**

सूचना मिलते ही दल के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और सूझबूझ, समन्वय तथा तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करते हुए आग को फैलने से पहले ही काबू में कर लिया. उनकी समयबद्ध कार्रवाई से संयंत्र, मशीनरी और मानव संसाधन को संभावित बड़े नुकसान से बचाया जा सका. विभाग द्वारा आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में महाप्रबंधक रूपेश तैलंग ने सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ, दीपक अस्थाना की उपस्थिति में अग्निशमन दल के सदस्यों को प्रशंसा-पत्र एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया.

## टिकट चैकिंग से 8 .94 करोड़ का राजस्व अर्जित

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में टिकट जांच अभियानों के माध्यम से कुल 1,37,000 मामलों में अतिरिक्त किराया और जुर्माना वसूल कर 8 करोड़ 94 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया. यह पिछले वर्ष जनवरी में वसूले गए 7 करोड़ 39 लाख रुपये की तुलना में 20.99 प्रतिशत अधिक है और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 8 करोड़ 82 लाख रुपये से 1.33 प्रतिशत ऊपर है. भोपाल मंडल के टिकट निरीक्षकों ने बिना टिकट, अनबुक्ड लगेज या अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के खिलाफ 45,000 प्रकरण दर्ज कर 2.72 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल किया.

# महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप

**फैक्ट्स**

- पीड़िता ने तीन युवकों पर दर्ज कराया दुष्कर्म का केस
- पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की शुरू

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 फरवरी. बागसेवनियां थाने में एक 30 वर्षीय महिला ने तीन युवकों पर दुष्कर्म और एक महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोपी लगाते हुए मामला दर्ज कराया है.**

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक पीड़िता



मूलतः छत्तीसगढ़ की रहने वाली है. साल 2024 में वह ब्यूटीशियन का काम करने के लिए जब भोपाल रहने की लिए आई. इस दौरान वह अपनी एक सहेली की साथ रहने लगी. जनवरी 2025 में वह बागसेवनियां में महिला आरोपी अमरीन उर्फ माहिरा से मुलाकात के दौरान फिक्स सैलरी की बात में आकर वह अपनी सहेली के साथ अमरीन के पास शिफ्ट हो गई. पीड़िता को कुछ समय बाद अमरीन के कहने पर अपनी सहेली के धर्म परिवर्तन और अमरीन के भाई के साथ उसकी शादी होने की जानकारी मिली.

पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान अमरीन के एक परिचित युवक चंदन यादव ने पीड़िता को अपनी बहन से मुलाकात कराने के बहाने उसे अपने साथ बाहर ले गया और धमकाते हुए दुष्कर्म किया. इसके बाद चंदन ने कई बार पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता का आरोप है कि चंदन इसके बाद उसे छोटे कपड़े पहनने पर मजबूर करते हुए अपने साथ उसे लेकर लोगों के बीच ले जाता था और पहचान कराता था.

पीड़िता को नवंबर में अमरीन ने गांधी नगर इलाके में स्थित अब्बास नगर अपने घर लेकर गई, जहां अमरीन के भाई बिलाल ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में पीड़िता से दुष्कर्म किया. इसके बाद अमरीन साल 2025 में ही दिसंबर महीने में पीड़िता को लेकर अहमदाबाद गई, जहां यासिर नामक के आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया. जनवरी 2026 में पीड़िता भोपाल छोड़कर छत्तीसगढ़ अपने मामा के घर चली गई. पीड़िता को हाल ही में सोशल मीडिया पर आरोपियों के खिलाफ एक अन्य युवती की तरफ से आरोप लगाए जाने की जानकारी मिली.

# यातायात व्यवस्था में रहेगा आज बदलाव

**कांग्रेस का किसान महा-चौपाल कार्यक्रम**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 फरवरी. यातायात पुलिस ने मंगलवार को कांग्रेस की ओर से जवाहर चौक क्षेत्र में सुबह 10 बजे से किसान महा-चौपाल कार्यक्रम के आयोजन को लेकर शहर के प्रमुख मार्ग परिवर्तित किए गए हैं.**

यातायात पुलिस की तरफ से जारी निर्देशानुसार महाचौपाल का कार्यक्रम प्रस्तावित है. कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी शामिल होंगे. कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों के



कांग्रेस महाचौपाल के लिए तैयारियां

वाहन एवं उनकी पार्किंग व्यवस्था में बदलाव रहेगा. कार्यक्रम में आने वाले व्यक्तियों/उनके वाहनों का मार्ग व्यवस्थित करने के लिए निर्धारित किया गया है. 200 विशिष्ट व्यक्तियों का मार्ग व पार्किंग- मंच पर बैठने वाले लगभग सभी 200 अतिथियों को रंगमहल चौराहा से यादव मेडीकल तिराहा, काटजू तिराहा, राजस्थान स्वीटस तिराहा के आगे ड्राप कर माडल स्कूल के पास वाहन पार्क कर सकेंगे. पुलिस ने निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप चलने का अनुरोध सभी से किया है.

## जालसाजों ने उड़ाए दो महिलाओं के खाते से रुपए

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 फरवरी. शहर के अलग-अलग थाना इलाकों में साइबर जालसाजों ने दो महिलाओं के साथ ठगी की वारदात कर दी. पीड़िताओं ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने घटनाओं की जांच शुरू कर दी है.**

पहला मामला कमला नगर थाना क्षेत्र का है, जहां यहाँ शबरी नगर निवासी ममता जमगडे (33) के पास वाट्सऐप पर एक अज्ञात लिंक आया. लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से 3,09,570 रुपये की ठगी हुई. वहीं दूसरा मामला बजरिया थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर में रहने वाली चांदनी (34) के साथ हुआ. चांदनी भी साइबर ठगों का शिकार बनीं. अज्ञात जालसाजों ने उन्हें झांसे में लेकर 1,54,818 रुपये की चपत लगा दी. किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक या एपीके फाइल को कभी डाउनलोड या इंस्टॉल न करें. सरकारी वेतन आयोग से जुड़ी जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइटों पर ही देखें. व्हाट्सएप या अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर भेजी गई फाइलें हमेशा संदिग्ध मानें.

## अवैध शराब से भरी कार जब्त, चालक फरार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 फरवरी. हबीबगंज थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब से भरी कार को जब्त किया है. आरोपी चालक मौके से फरार होने में सफल रहा, जिसकी तलाश की जा रही है. कार सहित पकड़ी गई 187 लीटर शराब की कीमत करीब 8 लाख रूपये आंकी गई है.**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना हबीबगंज पर संदिग्ध कार में अवैध शराब को ले जाए जाने की सूचना मिली थी. कार चालक शाहपुरा से 12 नम्बर स्टाप हबीबगंज की ओर जा रहा था. इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर दी, जिसकी भनक कार चालक को लग गई और वह कार



वहीं छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने मौके पर कार की तलाश करते हुए 21 कार्टून में शराब रखी कुल 187 लीटर अवैध शराब, जिसकी कीमती करीबन एक लाख पंन्द्रह हजार रूपये और कार को जब्त कर लिया.

प्रकरण में फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ थाना हबीबगंज में आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस फरार चल रहे आरोपी चालक की तलाश में एक टीम गठित कर दबिश दे रही है.

## डायल 112 टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन में महिला की जान बचाई

**भोपाल.** ग्वालियर जिले में डायल 112 टीम और स्थानीय पुलिस की तत्पर एवं साहसिक कार्रवाई से एक युवती की जान बच गई. घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र की है, जहां परिजनों ने युवती के कमरे में अंदर से बंद होने और कोई प्रतिक्रिया न देने पर डायल 112 को सूचना दी. सूचना मिलते ही आपातकालीन दल सदाशिव नगर स्थित घर पर पहुंचा. थाना प्रभारी आलोक परिहार भी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे. दरवाजा खटखटाने और आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला.

# निजी बोरवेल उत्खनन पर लगेगा प्रतिबंध

- गर्मी के मौसम में गिरते जलस्तर को बचाने का निर्णय
- 475 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत 465 योजनाएं

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी, जल जीवन मिशन के तहत सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैठक की. जिसमें इस कार्य से जुड़े अधिकारी शामिल हुए. यह बैठक ग्रीष्मकाल में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए.**

जिमसें सबसे महत्वपूर्ण निजी बोरवेल के उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने जल्द ही आदेश जारी करने के संबंधितों का निर्देश दिए. ग्रीष्मकाल के दौरान जलस्तर गिरने लगता है जिससे पूर्व से संचालित बोरवेल और कुंए या अन्य जल स्त्रोतों में जलस्तर में गिरावट होने लगती है. जिसे रोकने के लिए गर्मी के मौसम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या होने की आशंका रहती है. इस तरह की समस्या न हो इसके लिए यह कदम उठाये गये हैं.

### 465 योजनाएं में से 252 पूर्ण





जिले में पानी की समस्या को लेकर पूर्व से जलजीवन मिशन के तहत योजनाएं संचालित है. जिले में 475 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत 465 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें पीएचई की 386 नल-जल योजनाएं एवं 79 जल जीवन मिशन की स्वीकृत हैं जिसमें 252 पूर्ण हो चुकी है, शेष पर कार्य चल रहा है. कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए हैं. जल जीवन मिशन का कार्य करने वाली फर्म को पूर्ण हो चुके कार्य को ग्राम पंचायत के सुपुर्द करने के निर्देश दिए.

# भीड़ एवं यातायात प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा

## सिंहस्थ 2028 की सुरक्षा को लेकर पुलिस का सेमिनार आयोजित

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत सोमवार को उज्जैन स्थित होटल में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया. सेमिनार का उद्देश्य विशाल धार्मिक आयोजन के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापक रणनीति तैयार करना था.**

वरिष्ठ अधिकारियों ने संभावित चुनौतियों, भीड़ एवं यातायात प्रबंधन, बल की तैनाती तथा लॉजिस्टिक्स व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की. सेमिनार का उद्घाटन डीजी, ईओडब्ल्यू उपेंद्र



जैन ने किया. उन्होंने वर्ष 2004 के सिंहस्थ के दौरान सामने आई चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अत्याधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया.

यह कार्यक्रम प्रयागराज कुंभ मेला के अनुभवों पर आधारित प्रशिक्षण अवधारणा के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ आईपीएस एवं एडीजी स्तर के अधिकारियों को फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया. एडीजी (प्रशिक्षण) राजाबाबू सिंह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि डीआईजी (विशेष शाखा) तरुण नायक ने तैयारी के आधार के रूप में 4-एस मॉडल शेयरिंग, सेंसिटाइजेशन, सिनर्जी और स्ट्रैटेजी की विस्तार से व्याख्या की.

**सुझाव** सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

# कैचमेंट एरिया के लिए एसडीएम की हो सकती है नियुक्ति

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी, राजधानी भोपाल में सोमवार को सांसद आलोक शर्मा ने बैठक आयोजित की. यह बैठक कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की गई. इसमें सांसद ने तालाब के कैचमेंट एरिया में हो रहे अतिक्रमण पर गहन चिंता व्यक्त की. सांसद ने कहा कि तालाब की सुरक्षा व अतिक्रमण रोकने के लिए एक एसडीएम स्तर के अधिकारी की पदस्थापना होना चाहिए, जो सिर्फ तालाब के कैचमेंट एरिया की निगरानी करे.**



इस बैठक में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के साथ ही तहसीलों के एसडीएम, लोक स्वास्थ्य यात्रिंकी विभाग, नगर निगम के अधिकारी, बिल्डर एसोसियशन क्रेडाई, बार ऐसोसिएशन, स्वास्थ्य विभाग और व्यापारिक संगठन भी शामिल हुए. तालाब की सुरक्षा स्वच्छता शुद्ध पेयजल को लेकर सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि शहर में पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत तालाब है, जिसका निर्माण राजभोज ने 11 सौ वर्ष पूर्व करवाया था. यह शहर के लिए जीवदायनी तालाब कहा जाए तो गलत नहीं होगा. तालाब की सुरक्षा और रखरखाव का अभाव है, आज तालाब में शहर के सीवेज का गंदा पानी मिल रहा है, जिस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं किया गया है, वहीं तालाब के कैचमेंट ऐरिया में जनता ने अतिक्रमण कर मकान बना रखे हैं. जिससे उनका गंदा पानी तालाब में मिल रहा है. वहीं बड़े बड़े शादी हॉल बने हुए हैं, इससे तालाब के भराव का क्षेत्रफल तो कम हुआ ही है साथ ही इनमें होने वाले आयोजनों का गंदा पानी भी तालाब में मिल रहा है, जो तालाब में गंदगी बढ़ा रहे हैं और पानी को प्रदूषित कर रहे हैं. प्रशासन, नगर निगम के साथ ही अन्य संस्थानों को अवैध अतिक्रमण और सीवेज की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए.

### पुराने स्वरूप में वापस लाने की जरूरत

सांसद ने बताया कि ग्यारह सौ साल पहले तालाब का निर्माण किया गया था उस समय कितने किलोमीटर तक फैला था. इसमें छोटी नदियों भी मिली हुई थी, जिससे पानी की आवक रहती थी, आज का तालाब अतिक्रमण के चलते सिकुड़ गया है. पानी के श्रोत बंद हो गए हैं. तालाब को पुराने स्वरूप में वापस लाने की जरुरत है. उसके लिए शहर की सभी संस्थाओं को कार्य करना चाहिए. भोपाल के तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण को लेकर एनजीटी भी सख्त हैं, उसके बाद भी अभी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हो सकी है.

## युवती को शादी का झांसा देकर ठगी की वारदात

**भोपाल.** जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र में एक 27 वर्षीय युवती ने शादी का झांसा देने और ठगी करने का आरोप युवक पर लगाया है. युवती की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी तलाश शुरू कर दी है. पीड़िता की आरोपी युवक सलमान मलिक से पहचान कुछ महीने पहले एक मेट्रीमोनियल वेबसाइट पर हुई थी. दोनों ने अपने मोबाइल नंबर शेयर करते हुए बातचीत शुरू कर दी. इस दौरान सलमान ने पीड़िता से शादी का झांसा देते हुए 10 अक्टूबर 2025 को कुछ रुपयों की मांग की. पीड़िता का आरोप है कि सलमान ने उससे खुद को बीएसएफ में नौकरी करने और सियाचिन में पोस्टिंग होने की जानकारी दी.





## चालक के सीने में दर्द उठने से हुआ हादसा

**भोपाल.** शाहपुरा झील के पास सोमवार को एक कार चालक को ड्राइव करते हुए सीने में अचानक दर्द उठा. इससे कार अनियंत्रित होकर पास खड़े खंभे से जा टकराई. गनीमत रही कि इस दौरान कार की चपेट में कोई भी नहीं आया. मौके पर मौजूद लोगों ने चालक की स्थिति को भापंते हुए तुरंत ही अस्पताल भिजवाया, जहां कार चालक का इलाज जारी है.